पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 22 अप्रैल 2022 जनता कॉलेज बकेवर इटावा में एनसीसी प्रभारी श्री ब्रह्मानंद के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन सेमिनार भवन में किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा की गई |कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एम पी यादव उपस्थित रहे |एनसीसी प्रभारी श्री ब्रह्मानंद के उद्बोधन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ| श्री ब्रह्मानंद एनसीसी कैडेट्स को पृथ्वी को प्रदूषित करने वाले कारको के बारे में बताया उन्होंने बताया कि हम वृक्षारोपण प्लास्टिक का प्रयोग ना करके वायु एवं जल प्रदूषण को रोक सकते हैं क्योंकि जब तक देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से नहीं करेगा तब तक हम अपनी पृथ्वी का प्रदूषण से बचाव नहीं कर सकते जो कि हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत ही घातक होगा| इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स को बहुत ही रोचक जानकारी प्रदान की उन्होंने पृथ्वी के विकास से लेकर अपशिष्ट प्रबंधन जल प्रबंधन वायु प्रबंधन कार्बनिक खादों के प्रयोग के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया| कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एम पी यादव ने एनसीसी कैडेट्स को वातावरण से संबंधित बहुत ही बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की डॉ यादव ने कहा कि जिस प्रकार हम कोलाहल भरे वातावरण में अपनी पूरी कार्य क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं यह ठीक उसी प्रकार है जैसे कि हम अपने एकाग्र चित्त में ना होते हुए अपने किसी कार्य को अपने निजी जीवन में नहीं कर सकते| अर्थात हमें अपने मन को एकाग्र चित्त करते हुए शांत रखना चाहिए ठीक उसी प्रकार अपने वातावरण को भी कोलाहल से दूर रखना पड़ेगा | अर्थात वातावरण में फैले हुए विभिन्न प्रकार के प्रदूषणो को दूर करने में अपना सहयोग प्रदान कर के ही हम पृथ्वी का बचाव कर सकते हैं क्योंकि अगर हमारा वातावरण स्वस्थ होगा तभी हमारा शरीर स्वस्थ होगा और जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम अपनी पूरी कार्य क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं और देश हित में उसका इस्तेमाल कर सकते हैं | आज के इस कार्यक्रम में डॉ मनोज यादव डॉ एके पांडे श्री आकाश चौधरी अवनीश कुमार अंकुश कुमार श्री देवेश कुमार श्री जयवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

N.C.C.
राष्ट्रीय कैडेट कोर

N.C.C.
राष्ट्रीय कैडेट कोर
4 UP BN NCC ETAWAH
6/4 UP NCC Coy.
ANTA COLLEGE BAKEWAR, ETAWAH